

# सड़कों की मरम्मतीकरण का कार्य शीघ्र करें : कलेक्टर

- संभावित बाढ़ की स्थिति पर आपदा प्रबंधन दल सतत निगरानी रखें
- टीएल में आए पत्रों का समयसीमा में निराकरण करने के दिए निर्देश

**नर्मदापुरम, 6 जुलाई. कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सोमवार को आयोजित समय अवधि पत्रों की समीक्षा बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करें.**

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) एवं तहसीलदारों को मूंग उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं उपार्जन केंद्रों पर पहुंचकर किसानों से संवाद करें, उनकी समस्याओं को समझें तथा उनका मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित करें.टी.एल. बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी मूंग उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के साथ तौल कांटा, सर्वेयर, बारदाने (बोरे) एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें, ताकि किसानों को उपार्जन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. उन्होंने जिले के सभी पात्र किसानों का फसल बीमा सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को बीमा कंपनियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा.कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि फसल क्षति की स्थिति में किसी भी किसान का बीमा दावा तकनीकी अथवा अन्य कारणों से निरस्त न हो तथा सभी पात्र किसानों को समय पर बीमा लाभ प्राप्त हो.बैठक में जिले की क्षतिग्रस्त सड़कों की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग एवं मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अधिकारियों को गड्ढों की तत्काल मरम्मत एवं सड़क सुधार कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए.उन्होंने सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस अथवा संबंधित गौशालाओं में भेजने तथा पशुपालकों द्वारा पशुओं को खुला छोड़ने की स्थिति में नियमानुसार जुर्माने की सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी सभी एसडीएम को दिए.

मानसून के दौरान संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने निचले क्षेत्रों की निरंतर निगरानी, आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने तथा आपदा प्रबंधन दल द्वारा मॉक ड्रिल आयोजित कर आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता का परीक्षण करने के निर्देश दिए.साथ ही आमजन की सहायता के लिए संचालित 24म7 बाढ़ हेल्पलाइन की सक्रियता एवं कार्यप्रणाली की नियमित जांच सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर श्री राजेश शुक्ला, अपर कलेक्टर श्री अनिल जैन, संयुक्त कलेक्टर श्री देवेंद्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

## पुल से गिरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आधा दर्जन गंभीर घायल

**इटारसी,6 जुलाई.** जिले में एक बड़ा सड़क हादसा उस समय हो गया जब मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली खर्रा नदी पर बने रेलिंगविहीन पुल से नीचे पलट गई. हादसे में कई मजदूर घायल हो गए, जिनमें से करीब आधा दर्जन की हालत गंभीर होनेपर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली पुल पार करते समय चालक कासंतुलन बिगड़ गया, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पुल से नीचे जा गिरा.हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मचगई. स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी.घायलों को प्राथमिकउपचार के बाद नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल करीब छह मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है.मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है.

# दरगाह में कथित तोड़फोड़ के विरोध में एफआईआर की मांग

- एसपी को सौंपा ज्ञापन



**नर्मदापुरम, 6जुलाई. सुन्नी मुस्लिम काज़ियात वेलफेयर कमेटी, जिला नर्मदापुरम के जिला सचिव जुनैद ताजी के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों एवं नागरिकों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर ग्राम बागरा, तहसील माखननगर स्थित वक्फ दरगाह गौरी शाह बादशाह में हुई कथित तोड़फोड़ की घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की.**

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों ने दरगाह परिसर में तोड़फोड़ कर जालियां क्षतिग्रस्त कर दीं तथा धार्मिक ग्रंथ के साथ भी कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया.समिति ने इसे सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास बताते हुए सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की. समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति, कानून-व्यवस्था और आपसी सौहार्द बना रहे. पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस प्रकार की घटनाओं को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच कर जल्द ही दोषियों की पहचान की जाएगी और उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.ज्ञापन सौंपने वालों में समिति के उपाध्यक्ष सलीम खान, जफरुल्लाह खान, मददगार आर्मी के आरिफ खान, रिजवान अहमद, कामरान अली, समीर शाह, रेहान खान, जाहिद खान, हफीज खान तथा हिना अली सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

## सिवनी मालवा मामले में आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले दो आरोपी अरेस्ट

**नवभारत न्यूज**

**नर्मदा पुरम, 6जुलाई.माननीय न्यायालय द्वारा थाना सिवनी मालवा में पंजीबद्ध अपराध में पारित आदेश के विरुद्ध भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले 2 आरोपियों को सिवनी मालवा पुलिस ने किया गिरफ्तार किया है.**

थाना सिवनी मालवा में दर्ज अपराध क्र. 460/2022 धारा 147,148,341,307,302 भादवि के प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा का आदेश पारित करने उपरांत, उक्त आदेश के विरोध में कतिपय सोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए भड़काऊ भाषण, आपत्तिजनक एवं भ्रामक पोस्ट अपलोड की जा रही थी. इस प्रकार की सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने एवं आपत्तिजनक पोस्ट को सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वालों के विरुद्ध थाना सिवनी मालवा में अपराध क्र. 429/26 धारा 196(1), 224, 302 बीएनएस पंजीबद्ध कर तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर सोशल मीडिया फेसबुक पर भडकाउ भाषण के साथ पोस्ट करने वाले आरोपीयों पंकज कुमार मिश्रा पिता रामजीवन मिश्रा उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम अरगोपुर थाना बांगरमऊ जिला उन्नाव उप्र. एवं इस प्रकार की पोस्ट को अपने फेसबुक चैनल पर पोस्ट करने वाले आरोपी अनुज अवस्थी पिता स्व. जगदीश अवस्थी उम्र 30 वर्ष निवासी थाना शिवगढ, जिला रायबरेली उप्र को अभिरक्षा में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया .

# ओवरब्रिज की सुस्त रफ्तार बनी खतरा

- पानी भरे गड्ढे में धंसकर पलटा आयशर ट्रक



**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी, 6जुलाई.स्टेट हाईवे-22 पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज की धीमी रफ्तार अब आम लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है. लगातार हो रही बारिश के चलते अधूरा निर्माण कार्य और सड़क पर बने गहरे गड्ढों ने आवागमन को बेहद जोखिम भरा बना दिया है.सोमवार सुबह नयाखेड़ा चौराहे पर इसी अव्यवस्था के चलते एक लोडेड आयशर ट्रक पलट गया.राहत की बात यह रही कि हादसे के समय चौराहे पर ज्यादा भीड़ नहीं थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक नयाखेड़ा चौराहे पर मोड़ ले रहा था, तभी उसका एक पहिया बारिश के पानी से भरे गड्ढे में धंस गया। चालक संतुलन नहीं बना सका और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया.हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा.स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां रोजाना फुटपाथ पर कई दुकानदार अपनी दुकानें लगाते हैं. साथ ही बस और ऑटो का इंतजार करने वाले यात्रियों की भी काफी भीड़ रहती है. यदि यह दुर्घटना व्यस्त समय में होती, तो बड़ी जनहानि हो सकती थी. नगरवासियों का आरोप है कि रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य लंबे समय से अत्यंत धीमी गति से चल रहा है, जिससे सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने और सड़क की मरम्मत करवाने की मांग की है.

### एक नजर में

## सहकारिता सप्ताह के तहत पौधारोपण

**पिपरिया 6 जुलाई .**सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत विपणन एवं प्रक्रिया सहकारी समिति मर्यादित के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया .इस अवसर पर आईएफएफसीओ राज्य विपणन अधिकारी डॉ . दिनेश कुमार सोलंकी, डॉ . ओम तिवारी, अर्पित रघुवंशी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे .कार्यक्रम के दौरान सहकारिता का ध्वजारोहण जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में किया गया .

## वृक्षारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

**पिपरिया, 6 जुलाई .** आषाढ़ कृष्ण पंचमी के अवसर पर रविवार को रेलवे से सेवानिवृत्त रामदीन पठारिया के रानी पिपरिया स्थित पैतृक बाड़े में लगभग आधे एकड़ भूमि पर फलदार पौधों का रोपण किया गया .इस दौरान आम, चीकू, संतरा, बिही, नींबू, बादाम और अंजीर के कुल 51 पौधे लगाए गए .इस अवसर पर प्रकृति प्रेमी समाजसेवी चंदनसिंह पुर्विया, वरिष्ठ समाजसेवी एवं पंच के . पी . सायलवार, ग्राम चौकीदार भगवान दास, रामदीन पठारिया, देवा नागवंशी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे .सभी ने पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के उद्देश्य से पौधारोपण को महत्वपूर्ण बताया तथा वृक्षों से पितरों के मोक्ष एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की .

## खापरखेड़ा मंडल की कामकाजी बैठक सम्पन्न

**पिपरिया, 6 जुलाई .** भारतीय जनता पार्टी खापरखेड़ा मंडल की कामकाजी बैठक हथवांस तिराहा परिसर में आयोजित की गई .बैठक में जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष मुकेश सराठे, मंडल अध्यक्ष राजा भैया पटेल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे .बैठक का शुभारंभ डॉ . श्याम प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया .जिला अध्यक्ष एवं विधायक ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा पार्टी की रीति-नीति के अनुसार कार्य करने की सलाह दी .

## कच्चे मकान की दीवार गिरने से वृद्ध की मौत

पिपरिया, 6 जुलाई . मटकुली पंचायत के अंतर्गत विस्थापित ग्राम मोहगांव में कच्चे मकान की दीवार गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गई .जानकारी के अनुसार, मवेशियों को भगाने के दौरान ईंट-मिट्टी से बनी कच्ची दीवार अचानक गिर गई, जिसकी चपेट में आने से रामप्रसाद ठाकुर ( 65 ) गंभीर रूप से घायल हो गए .परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया .

## खेत में करंट लगने से किसान की मौत

पिपरिया,6 जुलाई.खापरखेड़ा के पास ग्राम पौसेरा के खेत में 33 केवी लाइन की चपेट में आने से किसान संदीप किरार (33) की मौके पर ही मौत हो गई.जानकारी के अनुसार, वह अपने साथियों के साथ खेत में रखी डीपी की बिजली लाइन सुधारने का कार्य कर रहे थे, तभी वह करंट की चपेट में आ गए.पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया.

# नवीन कार्यकारिणी गठन एवं प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न

**पिपरिया, 6जुलाई. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) पिपरिया द्वारा नवीन कार्यकारिणी गठन एवं प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ.**

परिषद द्वारा घोषित नवीन कार्यकारिणी में देवेंद्र साहू को पुनः नगर मंत्री तथा भाई साहब पुर्विया को नगर अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया.देवेंद्र साहू पूर्व में महाविद्यालय अध्यक्ष, जिला एवं प्रांत स्तर पर विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें पुनः नगर मंत्री का दायित्व प्रदान किया गया.प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की कार्यपद्धति, छात्रहित एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभाग निर्वाचन अधिकारी किशन चौबे एवं जिला संयोजक हरदीप सिंह नागपाल उपस्थित रहे.उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार, छात्रहित संरक्षण एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया.नवीन कार्यकारिणी में भाई साहब पुर्विया को पुनः नगर अध्यक्ष तथा देवेंद्र साहू को पुनः नगर मंत्री बनाया गया. साक्षी ठाकुर को सह प्रमुख, विकास लोधी को कला मंच प्रमुख, हर्षिता यादव एवं सजना को खेलो भारत प्रमुख बनाया गया .

# मंडल कार्यसमिति बैठक में संगठनात्मक रणनीति तय

**नवभारत न्यूज**

**सोहागपुर,6 जुलाई.भारतीय जनता पार्टी मंडल सोहागपुर की मंडल कार्यसमिति की बैठक सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई. बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, पार्टी गतिविधियों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई.बैठक में आगामी जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया.**

साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। नर्मदापुरम में होने वाले द्वारका सम्मेलन एवं जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में सोहागपुर मंडल से बड़ी संख्या में सहभागिता तय की गई.कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष के समक्ष किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए मूंग खरीदी में प्रति एकड़ रखवा बढ़ाने की मांग भी रखी.बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, मंडल प्रभारी अर्चना साहू सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा

संगठनात्मक बैठक के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के समक्ष रखा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि वर्तमान में खाद की उपलब्धता और मूंग खरीदी में प्रति एकड़ निर्धारित रखवा कम होने से किसानों को काफी परेशानी हो रही है .उन्होंने मांग की कि मूंग खरीदी की प्रति एकड़ सीमा बढ़ाई जाए, ताकि वास्तविक उत्पादन करने वाले किसानों को राहत मिल सके . कार्यकर्ताओं ने कहा कि किसान अपनी उपज बेचने के लिए परेशान हैं, इसलिए खरीदी व्यवस्था में सुधार आवश्यक है .इस पर जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं को प्रदेश नेतृत्व एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा और शीघ्र समाधान का प्रयास किया जाएगा .

# ग्राम मकड़ाई में लगेगी सांझ चौपाल

**हरदा ,6 जुलाई. ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला प्रशासन हरदा द्वारा 'सांझ चौपाल' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है.कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं.**

जारी आदेश के अनुसार 9 जुलाई गुरूवार को सिराली तहसील के ग्राम मकड़ाई में सांझ चौपाल आयोजित होगी.इसमें मकड़ाई, गोमगांव, पीपल्या खुदिया (जूनापानी मकड़ाई), आमाखाल, जामूखो, पटाल्दा, रहटकला, खुदिया व सांवरी सहित आसपास के ग्रामों के नागरिक शामिल होंगे। यह चौपाल सायंकाल 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित की जाएगी.

प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में सभी विभागीय मैदानी अमले को संयुक्त रूप से भ्रमण कर समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं.सांझ चौपाल के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का विधिवत पंजीयन कर समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा.संबंधित विभागों को यह भी निर्देशित किया गया है कि पूर्व से लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनकी अद्यतन स्थिति चौपाल में प्रस्तुत करें. विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने हेतु विकासात्मक प्रदर्शनी एवं स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जिससे ग्रामीण को शासन की योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा मिल सके.

## नहर किनारे लगाए जाएंगे 1000 फलदार-छायादार पौधे

**सोहागपुर , 6 जुलाई.** नगर परिषद पर्यावरण संरक्षण के तहत मुख्य राजमार्ग-22 स्थित नहर किनारे 1000 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण करेगी। पौधों की सुरक्षा के लिए रोपण से पहले फेंसिंग या बाउंड्री वॉल बनाई जाएगी. मुख्य नगर पालिका अधिकारी धर्मेंद्र शर्मा और नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने इसकी कार्ययोजना तैयार की है। योजना के तहत आम, जामुन, कटहल, अमरूद, पीपल और नीम के पौधे लगाए जाएंगे।

**आयोजन** जन अभियान परिषद के प्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**पिपरिया, 6 जुलाई.मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर वुमेन चाइल्ड ओल्डर्स वेलफेयर सोसाइटी, मध्यप्रदेश (नवांकुर संस्था) के तत्वावधान में शासकीय विद्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**



कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारियों, जन अभियान परिषद के प्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.सभी ने पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेते हुए पौधारोपण किया.इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह माँ के प्रति सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संदेश भी देता है.सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की गई.कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं और इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया.इस अवसर पर नवांकुर संस्था अध्यक्ष शीतल मौर्य, सपना शर्मा, शर्मा मैडम, स्कूल प्रभारी धुर्वे मैडम, कल्पना साहू, रूपा जायसवाल, आयुषी जायसवाल सहित शिक्षक, समाजसेवी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे.

## गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने अभियान

**सोहागपुर, 6जुलाई.** गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर स्वराज क्लब ने हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। क्लब अध्यक्ष जलज शर्मा ने सोमवार को मातापुरा वार्ड में जनसंपर्क कर लोगों से समर्थन जुटाया. अभियान में महंत इंद्र कुमार दीवान सहित कई नागरिकों ने हस्ताक्षर किए. पूर्व भाजपा पार्षद प्रत्याशी डालचंद साहू ने अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि गौ रक्षा और गौ सेवा केवल मांग तक सीमित नहीं रहनी चाहिए. गौवंश के लिए चारे की व्यवस्था तथा दूध देना बंद करने के बाद गायों को बेसहारा छोड़ने जैसी समस्याओं पर चिंता जताई और जनमानस से वास्तविक गौ सेवा का आह्वान किया.

# मूंग खरीदी नियमों के विरोध में कांग्रेस

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 6 जुलाई. मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मूंग खरीदी के नियमों में किए गए बदलावों के विरोध में इटारसी नगर कांग्रेस कमेटी ने अनोखा प्रदर्शन किया। पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता बैलगाड़ी के साथ ओवरब्रिज से होते हुए कृषि उपज मंडी समिति पहुंचे और विरोध जताया.**



कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा लागू नई नीति के तहत कुल मूंग उपार्जन का केवल 25 प्रतिशत ही न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा, जो किसानों के हितों के खिलाफ है। उनका कहना है कि इससे अन्नदाताओं को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा और यह निर्णय पूरी तरह किसान विरोधी है.प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मंडी सचिव प्रशांत पांडे को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि किसानों की मूंग की फसल का 100 प्रतिशत उपार्जन समर्थन मूल्य पर किया जाए, ताकि उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके.इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस निर्णय को वापस नहीं लिया और किसानों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो पार्टी बड़ा और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी. मयूर जायसवाल, गौरव चौधरी, सौम्य दुबे, रहे.